कोविड – 19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालयों की परीक्षा एवं अकादमिक कैलेण्डर के संबंध में माननीय मुख्यमंत्रीजी के साथ बैठक दिनांक 25 मई, 2020 का कार्यवाही विवरण :

––

माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में आज दिनांक 25.05.2020 को माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश के साथ राजभवन, भोपाल में बैठक सम्पन्न हुंई जिसमें कोविड – 19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालयों की परीक्षा एवं अकादमिक कैलेण्डर के संबंध में विचार विमर्श किया गया ।

2/– बैठक में निम्नांकित अधिकारीगण भी शामिल हुंए :–

1. श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल
2. श्रीमती करलिन खोंगवार, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, भोपाल
3. श्री मनोहर दुबे, राज्यपाल के सचिव, राजभवन, भोपाल

3/– बैठक में निम्नानुसार निर्णय लिये गये कि :–

उच्च शिक्षा विभाग

- उच्च शिक्षा विभाग के विश्वविद्यालयों की स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओ और अन्य पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षाएं **29 जून से 31 जुलाई, 2020** के मध्य आयोजित की जाएगी । यह व्यवस्था सभी निजी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों पर भी लागू होगी ।
- उच्च शिक्षा की प्रथम, द्वितीय वर्ष की कक्षाओं एवं अन्य पाठ्यक्रमों की (अंतिम परीक्षा को छोड़कर) शेष नियमित परीक्षाएं स्थानीय स्तर पर परिस्थितियां सामान्य होने पर आयोजित की जायेगी ।
- स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओ और पाठ्यक्रमों के फाइनल इयर/सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑफलाईन पेन पेपर मोड में परीक्षा केन्द्रों पर होगी । इसमें सामाजिक दूरी की सावधानियों का पूरा पालन परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा ।

- स्नातकोत्तर कक्षाओं के पूर्वाद्ध और स्नातक कक्षाओं के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष /सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश देकर **एक सितम्बर, 2020** से नया सत्र प्रारम्भ किया जाएगा ।

- इस वर्ष स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध और स्नातक कक्षाओं/पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का नया सत्र **एक अक्टूबर, 2020** से शुरू होगा ।

तकनीकी शिक्षा

- राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षाएं **16 से 30 जून, 2020** के बीच आयोजित की जाएंगी। अंतिम वर्ष की कक्षाओं/पाठ्यक्रमों की परीक्षा पारम्परिक प्रणाली से होगी । इनके परिणाम **15 जुलाई, 2020** तक घोषित हो जाएंगे ।

- परिस्थितियां सामान्य नहीं होने की स्थिति में परीक्षाएं ऑनलाईन मोड में आयोजित की जायेगी। ऑनलाईन परीक्षा अवधि कुल 2 घंटे की होगी । प्रश्न पत्र बहु – विकल्पीय रहेंगे । समस्त परीक्षाएं प्रतिदिन तीन शिफ्ट में होगी।

- विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की कक्षाओं/सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षाएं ऑफलाईन पेन–पेपर मोड के माध्यम से दिनांक 2 जुलाई से 31 जुलाई, 2020 के मध्य आयोजित की जायेगी। परीक्षा परिणाम 25 अगस्त, 2020 तक घोषित किए जाएंगे। यदि कोई परीक्षार्थी अपरिहार्य कारणों से परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पाता हैं तो ऐसे छात्रों हेतु पृथक से विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी ।

अंत में आभार व्यक्त कर बैठक सम्पन्न हुई।

राज्यपाल के अपर सचिव
मध्य प्रदेश

––00––